<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–23.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक, अपराधियों के खिलाफ चलेगा स्पेशल ड्राइव, सभी चेकनाका पर अतिरिक्त बलों की होगी तैनाती।

- मेकॉन, रांची अब देश मे खनिज भंडारों की करेगा खोज, केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने सरकारी अन्वेषण एजेंसी का दिया लाइसेंस।

- जेपीएससी परीक्षा में पेपर लीक की अफवाह फैलाने और वीडियो वायरल करने के मामले में देवघर से तीन आरोपी गिरफ्तार, जामताड़ा पुलिस ने की कार्रवाई।

- लोहरदगा के कुडू में बाराती वाहन और हाईवा के बीच सीधी टक्कर में तीन बच्चों की हुई मौत, गिरिडीह में भी एक बेकाबू ट्रक ने बाइक पर सवार दो विद्यार्थियों को रौंदा।

- आईपीएल–2024 का रंगारंग आगाज, उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने दर्ज की जीत।

*********************

राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान विधि –व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई । आईजी अभियान– सह– राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए बी होमकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में अपराधियों– उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई, लंबित वारंट और कुर्की– जब्ती के मामलों का निष्पादन और विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों की समीक्षा हुई। आइजी अभियान ने अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, सोशल मीडिया पर निगरानी तथा अवैध शराब, हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी चेकनाका पर अतिरिक्त बलों की तैनाती तथा उसकी लगातार निगरानी करने का निर्देश सभी पुलिस अधीक्षकों को दिया।

*********************

हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा लोकसभा चुनाव में शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए इलेक्शन थीम पर आधारित फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। स्वीप के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार मौजूद थे। उन्होंने राज्यवासियों से चुनाव को फेस्टिवल मोड में मनाने की अपील की। उन्होंने शहरी मतदाताओं से कहा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। इस अवसर पर तैंतीस फूड कोर्ट लगाए गए थे, जहां रॉक बैंड शो, ग्रुप डांस, फैशन शो, मिमिक्री और नुक्कड़ नाटकों के मंचन समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

*********************

साहिबगंज जिले में लोकसभा चुनाव में आवश्यकता के हिसाब से वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की तैयारियां अंतिम चरण में है।

*********************

दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अटठाईस मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की हिरासत में भेजा। प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल को घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए अदालत से दस दिन की हिरासत की मांग की थी।

*********************

मेकॉन , रांची अब देश में खनिज भंडारों की भी खोज करेगा। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने देश– विदेश में खनन को लेकर कंसलटेंसी एजेंसी के तौर पर काम करने वाले मेकॉन को सरकारी अन्वेषण एजेंसी के रूप में अधिसूचित किया है। खनिजों की खोज करने का लाइसेंस मिलने मिलने के साथ इसे कच्चे इस्पात विस्तार के लिए खरीद और अनुबंध इंजीनियरिंग सेवाओं को मिल चुका है ।

*********************

जेपीएससी की संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का जामताड़ा जिले के एक परीक्षा केंद्र से पेपर लीक की अफवाह फैलाने और वीडियो वायरल करने के मामले में जामताड़ा जिले की मिहिजाम थाना पुलिस ने देवघर से तीन आरोपियों को कल गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मिहिजाम थाना में बीस अभ्यर्थियों पर नामजद और पचास अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज है। गौरतलब है कि जेपीएससी सिविल सेवा पीटी राज्य के सभी जिलों में 17 मार्च को आयोजित की गई थी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र स्थित टाटी चौक के पास एक बाराती वाहन और हाईवा के बीच सीधी टक्कर में तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि, दो दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना बीती रात उस वक्त हुई, जब बारातियों को लेकर रांची जिला के कांके से गुमला जिले के बिशनपुर लौट रही बस को तेज रफ्तार से आ रही हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। उधर, गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दो विद्यार्थियों की मौत हो गई।

*********************

आज शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीदी दिवस है। आज ही के दिन 1931 में लाहौर षडयंत्र मामले में इन तीनों महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को गले से लगा लिया था। इस अवसर पर देशभर में इन महान शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।

*********************

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल– 2024 के उद्‌घाटन मैच में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कल खेले गए इस मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर एक सौ तिहत्तर रन बनाए। सीएसके की टीम ने इस लक्ष्य को चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पूर्व रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईपीएल का आगाज हुआ।

*********************

- राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। श्री सोरेन ने अपनी याचिका में झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई थी।
- रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका– सहायिका तथा विद्यार्थियों की भागीदारी रही।
- राज्य के अस्सी उत्कृष्ट विद्यालयों में लगभग नौ हजार सीटों पर नामांकन के लिए कल हुई प्रवेश परीक्षा में लगभग तीस हजार विद्यार्थी शामिल हुए। नामांकन के लिए पहली मेधा सूची तीस मार्च को जारी होगी।

********************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को ईडी की हिरासत में भेजे जाने और विधायक दीपिका पांडे के ऑडियो क्लिप के वायरल होने से जुड़े मामले को पहले पन्ने पर प्रमुखता से दिया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– ब्राउन शूगर की चपेट में रांची, खुलेआम चल रहा है कारोबार, बर्बाद हो रही युवाओं की जिन्दगी।

हिन्दुस्तान ने दारोगा मीरा सिंह के मोबाईल डाटा से बालू और हथियारों के तस्करी के मिले साक्ष्य की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है राज्य में बजट के 23 हजार करोड़ रुपये हो सकते हैं सरेन्डर।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पुष्पक का सफल परीक्षण कर इसरो ने फिर किया कमाल।

राष्ट्रीय नवीन मेल और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स आफ इंडिया ने बिहार के सुपौल में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरने से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

********************